बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी

(सामान्य प्रशासन विभाग)

आदेश

दिनांक–08.07.2019 को पूर्वाह्न 11:00 बजे मुख्य सचिव, बिहार–सह–अध्यक्ष, शासी परिषद बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी की अध्यक्षता में आयोजित शासी परिषद की 23वीं बैठक में बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी अन्तर्गत संविदात्मक पदों यथा आई0टी0 प्रबंधक, आई0टी0 सहायक एवं कार्यपालक सहायक के नियोजन के संबंध मे निम्नलिखित निर्णय लिये गये हैः–

1. बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी अंतर्गत कार्यपालक सहायक हेतु सृजित पदों पर नियोजित एवं कार्यरत कार्यपालक सहायकों के अतिरिक्त अब नये रिक्तियों के विरूद्ध नियोजन बेल्ट्रॉन के माध्यम से किया जायेगा। जिस जिला अंतर्गत कार्यपालक सहायक के सृजित पदो के विरूद्ध रिक्तियॉ होगी, वह जिला रिक्तियों के अनुरूप आदर्श आरक्षण रोस्टर का अनुपालन करते हुये बेल्ट्रॉन से डाटा इन्ट्री ऑपरेटरों की सेवा प्राप्त करने हेतु अधियाचना करेगा। बेल्ट्रॉन द्वारा मांग के अनुरूप डाटा इन्ट्री ऑपरेटरों की सेवा उपलब्ध कराई जायेगी। बेल्ट्रॉन द्वारा जिलों को उपलब्ध कराये गये डाटा इन्ट्री ऑपरेटरों का भुगतान बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी द्वारा बेल्ट्रॉन को किया जायेगा।
2. आई0टी0 सहायक के पद पर आगे कोई नियोजन की कार्रवाई नहीं की जायेगी।
3. आई0टी0 प्रबंधक के सृजित पदों के विरूद्ध रिक्तियों पर नियोजन की कार्रवाई पूर्ववत बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी द्वारा की जायेगी।
4. यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

आदेशानुसार,

31.7.19

(सतीश रंजन सिन्हा)

विशेष कार्य पदाधिकारी

ज्ञापांक– बि०प्र०सु०मि०सो०/योजना–02/2012 (खण्ड–II) सो०1382 दिनांक–31.7.19

प्रतिलिपिः– सभी अपर मुख्य सचिव/ सभी प्रधान सचिव/सभी सचिव/ सभी विभागाध्यक्ष/सभी कार्यालय प्रधान/सभी प्रमण्डलीय आयुक्त/सभी जिला पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ।

मुख्य सचिव, बिहार के विशेष कार्य पदाधिकारी को सूचनार्थ प्रेषित।

31.7.19

विशेष कार्य पदाधिकारी

E:\~PRASHANT KUMAR\Ao Sir~\Letter..docx